**भारत सरकार**
**रेल मंत्रालय**

**लोक सभा**
**09.08.2023 के**
**अतारांकित प्रश्न सं. 3276 का उत्तर**

**नौरोजाबाद स्टेशन पर ठहराव**

**3276. श्रीमती हिमाद्री सिंह:**

**क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः**

**(क) दक्षिण पूर्व मध्य रेल (एसईसीआर) जोन के अंतर्गत किन-किन रेलगाड़ियों का परिचालन कोविड-19 के दौरान स्थगित कर दिया गया था और किन-किन रेलगाड़ियों का परिचालन पुनः शुरू कर दिया गया है;**

**(ख) उपरोक्त रेलवे जोन के अंतर्गत कोविड-19 से पहले किन-किन रेलगाड़ियों का नौरोजाबाद में ठहराव था;**

**(ग) क्या वर्तमान में उन सभी रेलगाड़ियों का नौरोजाबाद स्टेशन पर उसी प्रकार ठहराव है;**

**(घ) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं; और**

**(ङ) उपरोक्त रेल जोन के अंतर्गत चलने वाली किन-किन रेलगाड़ियों का परिचालन अभी तक पुनः शुरू नहीं किया गया है?**

**उत्तर**

**रेल, संचार एवं इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री**

**(श्री अश्विनी वैष्णव)**

**(क) से (ङ): कोविड-19 महामारी के प्रसार को रोकने के उद्देश्य से, भारतीय रेल ने 23 मार्च, 2020 से यात्री ढोने वाली सभी नियमित गाड़ियों का परिचालन रोक दिया था केवल विशेष गाड़ी सेवाएं परिचालित की जा रही थीं। नवंबर, 2021 से मेल/एक्सप्रेस गाड़ियां समय-सारणी और नियमित संख्या के अनुसार चलाई जा रही हैं। इसके अतिरिक्त अन्य बातों के साथ-साथ, अनुरक्षण गलियारा ब्लॉक का निर्माण करके बेहतर यात्री संरक्षा मुहैया कराने, वर्तमान**

समय-सारणी में विसंगतियों को दूर करने और गाड़ी सेवाओं की गति बढ़ाने के लिए भारतीय रेल ने आईआईटी-मुंबई की सहायता से वैज्ञानिक पद्धति से गाड़ी सेवाओं को युक्तिसंगत बनाने के साथ समय-सारणी को युक्तिसंगत बनाने का कार्य शुरू किया है। तदनुसार, गाड़ी सेवाएं चरणबद्ध तरीके से समय-सारणी के अनुसार चलाई जा रही है तदनुसार, इस समय नौरोजाबाद स्टेशन को 04 जोड़ी गाड़ी सेवाओं द्वारा सेवित किया जा रहा है अर्थात: निम्नानुसार हैं:-

(i) 18233/34 इंदौर-बिलासपुर एक्सप्रेस,

(ii) 06617/18 कटनी-चिरमिरी मेमू पैसेंजर स्पेशल,

(iii) 08747/48 बिलासपुर-कटनी मेमू पैसेंजर स्पेशल और

(iv) 08269/70 चिरमिरी-चांडिया रोड पैसेंजर स्पेशल।

इसके अलावा, भारतीय रेल पर यात्री सेवाओं सहित गाड़ी सेवाएं शुरू करना एक चालू प्रक्रिया है जो परिचालनिक व्यवहार्यता, यातायात औचित्य और संसाधनों की उपलब्धता आदि के अध्यधीन है।

*******

s.k